आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 20.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– बस्तर संभाग में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित–बीजापुर बना टापू–कई नदी/नाले उफान पर।

2– भू–स्वामियों को पटवारी रिकॉर्ड में त्रुटियों के सुधार के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा–निराकरण करने के लिए तहसीलदार अधिकृत।

3– सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–पांच माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में बाईस जुलाई से सभी शासकीय और निजी स्कूलों में शिक्षा सप्ताह का किया जाएगा आयोजन।

बारिश

बस्तर संभाग में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। बीजापुर टापू बन गया है। वहीं, सुकमा जिले के कई नदी–नाले उफान पर है। बस्तर की इंद्रावती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। हमारे संवाददाताओं से मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय जगदलपुर के निचले इलाकों में पानी भर गया है। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शहर के जलमग्न इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को पानी निकासी की व्यवस्था सहित ड्रेनेज की साफ–सफाई के निर्देश दिए हैं। इंद्रावती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वह खतरे से निशान से मात्र ढाई फीट नीचे बह रही है।

उधर, बीजापुर जिले में भी नदी–नाले उफान पर हैं। जगदलपुर से बीजापुर–भोपालपट्नम राष्ट्रीय राजमार्ग में जगह–जगह पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है। भैरमगढ़ कन्या आश्रम में पानी भर जाने के बाद बच्चों को रेस्क्यू कर आश्रम से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

वहीं, सुकमा जिले में पिछले चौबीस घंटों से हो रही अनवरत बारिश से नदी–नालों का जलस्तर बढ़ गया है। दोरनापाल–कोंटा राष्ट्रीय राजमार्ग में पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है।

इस बीच, मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ रहेगा।

पटवारी रिकॉर्ड–त्रुटि सुधार

प्रदेश के भू–स्वामियों को पटवारी रिकॉर्ड में त्रुटियों के सुधार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राज्य सरकार ने पटवारी रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को अधिकृत किया है। अब तहसीलदार भूमि स्वामी, उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति और पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार कर सकेंगे। इसी तरह, राजस्व रिकॉर्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटि में सुधार, भूमि के एक और बहु फसलीय की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार के अलावा राजस्व रिकॉर्ड में अन्य त्रुटियों में सुधार के लिए भी तहसीलदारों को अधिकृत किया गया है।

एनटीए–नीट परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं।

प्रमुख सचिव–समीक्षा

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम जन–मन योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह–पीवीटीजी की संस्कृति और रीति–रिवाज को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जाए। उन्होंने योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की बसाहटों का सत्यापन इकतीस अगस्त से पहले करने के निर्देश दिए। श्री बोरा ने अधिकारियों को आगामी एक नवंबर से पंद्रह नवंबर तक पीवीजीटी विकास संबंधी एक पखवाड़ा आयोजित करने को कहा। उन्होंने करीब दो सौ बसाहटों को पंद्रह नवंबर तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार लाभान्वित करने और दस प्रतिशत बसाहटों को मॉडल गांव के रूप में बनाए जाने के निर्देश दिए।

## गुरू पूर्णिमा

कल गुरू पूर्णिमा है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में बाईस जुलाई को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों में कहा गया है कि गुरू पूर्णिमा उत्सव का गरिमामय आयोजन साधु–संतों, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और पूर्व छात्राओं सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया जाए। इस दौरान सरस्वती वंदना, गुरू वंदना, दीप प्रज्वलन के साथ ही गुरूजनों और शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकूल व्यवस्था और उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण भी होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–शिक्षा सप्ताह

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सभी शासकीय और निजी स्कूलों में एक सप्ताह तक शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आगामी बाईस जुलाई से प्रदेश में भी शिक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन बाईस जुलाई को टी.एल.एम. दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन और कक्षा में इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## माओवादी मुठभेड़–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। मौके से मृत माओवादी का शव बरामद कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कल सुबह जगरगुंडा थाना क्षेत्र से जिला पुलिस बल, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। आज सुबह जब यह टीम वापस लौट रही थी, तभी तुमारगुट्टा–सिंगावरम के जंगल में माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया। घटनास्थल से एक हथियार सहित बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

इसी जिले में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर विभिन्न माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

## जवान–श्रद्धांजलि

बीजापुर जिले में माओवादी हमले में मारे गए स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ के जवान सत्तेर सिंह को नारायणपुर कलेक्टर बिपिन मांझी और प्रभारी पुलिस अधीक्षक शंकर बघेल ने उनके गृहग्राम बम्हनी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने इस दौरान जवान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि बीजापुर जिले में बीते सत्रह जुलाई को माओवादियों द्वारा किए गए हमले में एसटीएफ के दो जवानों की मौत हो गई थी। इस घटना में चार जवान घायल हुए हैं।

## कवर्धा/अमरकंटक बस सेवा

कवर्धा से अमरकंटक के लिए आज से नॉन स्टॉप वातानुकूलित बस सेवा शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस प्रतिदिन कवर्धा से सुबह आठ और रात दस बजे तथा अमरकंटक से शाम पांच और रात नौ बजे रवाना होगी। गौरतलब है कि धार्मिक–पर्यटन की दृष्टि से इस बस सेवा की शुरूआत की गई है।

## कांग्रेस–विधानसभा घेराव

प्रदेश कांग्रेस आगामी चौबीस जुलाई को विधानसभा का घेराव करेगी। इसके लिए प्रदेश से लेकर जिला स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कल रायपुर और धमतरी में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली और पदाधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

वहीं, जांजगीर के चांपा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में आंदोलन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

## ओल्ड लिसनर्स ग्रुप–परिचर्चा

ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा कल रायपुर के वृंदावन हॉल में ''वर्तमान संदर्भ में आकाशवाणी व दूरदर्शन की प्रासंगिकता'' विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूरदर्शन केन्द्र, रायपुर में निदेशक अभियांत्रिकी संतोष कुमार देवहरे होंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर के उप निदेशक और कार्यक्रम प्रमुख लखनलाल भौर्य भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने दी है।

## हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''नारायणपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार–01

– डाक विभाग ने लोगों को समय पर राखी पहुंचाने के लिए इकतीस जुलाई तक राखी भेजने की सलाह दी है। विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मेलिंग की कठिनाइयों से निपटने और देरी तथा सीमा शुल्क–संबंधी समस्याओं की संभावना को कम करने के लिए यह सलाह दी है।

– सेट परीक्षा कल दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह दस से सवा ग्यारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम सवा चार बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र भी लाना अनिवार्य है।

– जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही के कारण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने छह कार्यपालन अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। साथ ही चार जिलों के कार्यपालन अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

– कोंडागांव कलेक्टोरेट कार्यालय में तीन नये कानूनों के बारे में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नये कानूनों की विशेषताओं के बारे में बताया गया।

– राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में रोप–वे बाईस और तेईस जुलाई को बंद रहेगा।

– प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने वाले बच्चों की उम्र पांच वर्ष से अधिक और अट्ठारह वर्ष से कम होनी चाहिए।

– मुंगेली नगर पालिका परिषद के बहुचर्चित मवेशी बाजार की आय के गबन के मामले में पुलिस ने पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोरीस राज सिंह और प्रभारी कैशियर यतेन्द्र पांडेय को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>